# अव्यक्त मुरली 06-05-2018 (रिवाइज 30.07.83) से प्रश्नोत्तर

**प्रश्न 1. - बापदादा कौन से बच्चों को देख रहे हैं?**

उत्तर - अटल राज्य अधिकारी, अटल, अचल स्थिति में रहने वाले विजयी बच्चों को देख रहे हैं।

**प्रश्न 2. - अचल-अडोल रहने की विधि क्या है?**

उत्तर - ड्रामा के हर दृश्य को ड्रामा चक्र में संगमयुगी टाप प्वाइंट पर स्थित हो कुछ भी देखेंगे तो स्वत: ही अचल अडोल रहेंगे।

**प्रश्न 3. - हलचल कब होती है?**

उत्तर - जब टॉप प्वाइंट से नीचे आते हैं तब ही हलचल होती है।

**प्रश्न 4. - सदा समर्थ कब होंगे?**

उत्तर - जब ऊंची प्वाइंट पर, ऊंचे स्थान पर, ऊंची स्थिति पर, ऊंची नॉलेज में, ऊंचे ते ऊंचे बाप की याद में, ऊंचे ते ऊंची सेवा स्मृति स्वरूप होंगे तो सदा समर्थ होंगे।

**प्रश्न 5. - हरेक ब्राह्मण किस चीज का पुरुषार्थ कर रहा है?**

उत्तर - व्यर्थ को समाप्त करने का।

**प्रश्न 6. - ब्राह्मण जन्म लेते कौन-सी प्रतिज्ञा की?**

उत्तर - तन-मन-धन सब तेरा, तो व्यर्थ समाप्त हो गया ना।

**प्रश्न 7. - ट्रस्टियों को कौन-सा डायरेक्शन है?**

उत्तर - डायरेक्शन है कि मन से सदा समर्थ सोचना है।

**प्रश्न 8. - कौन-से आंसू व्यर्थ के खाते में जमा हुए?**

उत्तर - क्यों, क्या के संकल्प से आंसू गिराये तो वह व्यर्थ के खाते में जमा हुआ।

**प्रश्न 9. - दीदी की स्थिति सदा कैसी रही है?**

उत्तर - वह सदा विजयी, अचल, अडोल आत्मा रही है और अब भी है।

**प्रश्न 10. - दु:ख की लहर किसे नहीं आती?**

उत्तर - जहां सच्चा स्नेह है वहां दु:ख की लहर आ नहीं सकती।

**प्रश्न 11. - बापदादा कैसे नम्बर देंगे?**

उत्तर - सेवा में अपना पार्ट प्रत्यक्ष करने से ही नम्बर देंगे।

**प्रश्न 12. - जो ओटे सेवा में वह अर्जुन अर्थात् क्या?**

उत्तर - अर्जुन अर्थात् वह अष्ट माला है।

**प्रश्न 13. - डिवाईन युनिटी का ग्रुप किसलिये बनाया था?**

उत्तर - सदा एक दो के सहयोगी बनने के लिए।

**प्रश्न 14. - यहाँ की रास मिलाना अर्थात् सदा क्या पार्ट बजायेंगे?**

उत्तर - सदा श्रेष्ठ आत्माओं के फ्रैन्डस बनेंगे, सम्बन्धी बनेंगे। बहुत नजदीक सम्बन्धी लेकिन सम्बन्धी और मित्र के दोनों स्वरूप के साथी। मित्र के मित्र भी, सम्बन्धी के सम्बन्धी भी।

**प्रश्न 15. - परिवर्तन के विशेष कार्य अर्थ कौन-सी आत्मायें चाहिए?**

उत्तर - विशेष योगी आत्मायें चाहिए, जो अपने योगबल का प्रयोग कर सकें। भाग्य विधाता बाप की भागीदार आत्मायें चाहिए।

**प्रश्न 16. - समय प्रमाण श्रेष्ठ आत्माओं का आहवान कौन कर रहा है?**

उत्तर - समय प्रमाण कुछ एडवांस पार्टी की आत्मायें श्रेष्ठ आत्माओं का आहवान कर रही हैं।

**प्रश्न 17. - सभी का उल्हना क्या रहा?**

उत्तर - सभी का उल्हना यही रहा कि हमारी मीठी दीदी को क्यों बुलाया।

**प्रश्न 18. - ड्रामा में किस का चित्र पहले नहीं खींचा जाता है?**

उत्तर - विचित्र पार्ट का चित्र।

**प्रश्न 19. - दीदी की क्या विशेषता रही है?**

उत्तर - दीदी की विशेषता सेवा के उमंग-उत्साह दिलाने में, योगी, सहयोगी और प्रयोगी बनाने में सदा रही है।

**प्रश्न 20. - मुधबन में आकर स्नेह का स्वरूप कैसे दिखाया?**

उत्तर - मधुबन में आना विश्व में स्नेह की लहरें, स्नेह की खुशबू, स्नेह की किरणें फैलाना है।

**प्रश्न 21. - पालना का पार्ट किसका रहा और सेवा का पार्ट किसका रहा?**

उत्तर - डिवाइन ग्रुप का पालना का पार्ट और मनोहर पार्टी का सेवा में आगे बढ़ने, बढ़ाने का पार्ट रहा।

**प्रश्न 22. - स्वतंत्र पंछी अर्थात् क्या?**

उत्तर - स्वतंत्र पंछी तो ताली बजायी और उड़े। किसी भी विशेष स्थान और विशेष सेवा का बन्धन नहीं। विश्व की सेवा का बन्धन, बेहद सेवा का बन्धन, इसलिए स्वतंत्र हो। जब भी जहाँ आवश्यकता है वहाँ पहले मैं।

**प्रश्न 23. - आप सबको दीदी प्रिय हैं और दीदी को क्या प्रिय है?**

उत्तर - दीदी को सेवा प्रिय है।

**प्रश्न 24. - कौन-सा नारा सफलता का साधन है?**

उत्तर - "सदा हम एक हैं" - यही नारा सदा ही सफलता का साधन है।

**प्रश्न 25. - हर जन्म में श्रेष्ठ आत्माओं के संगठन में कौन रास करेंगे?**

उत्तर - संस्कार मिलाने की रास करने वाले, सदा ही हर जन्म में श्रेष्ठ आत्माओं के संगठन में रास करते रहेंगे।

**ओम शांति**